Drishti IAS



# करेंट अफेयर्स उत्तर प्रदेश

## दिसंबर 2023

(संग्रह)

Drishti, 641, First Floor, Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry (English): 8010440440, Inquiry (Hindi): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

# अनुक्रम


**उत्तर प्रदेश** **3**

- मुरादाबाद में बनेगा एशिया का दूसरा बड़ा फिश मार्केट 3
- उत्तर प्रदेश के दिव्यांग तेजवीर, अभिनव चौधरी और दिव्यांग डेवलपमेंट सोसाइटी को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार 4
- उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग का हुआ शुभारंभ 5
- यूपी पुलिस की 25वीं वार्षिक घुड़सवारी प्रतियोगिता में मुरादाबाद बना चैंपियन 7
- आईआईटी कानपुर की रिसर्च में नारकोंडम द्वीप के पास मिले तेल और गैस के संकेत 8
- विश्व आर्थिक मंच की बैठक में उत्तर प्रदेश को आमंत्रण 8
- नीति आयोग के एबीपी की पहली डेल्टा रैंकिंग में उत्तर प्रदेश के कौशांबी ज़िले के कौशांबी ब्लॉक को मिला दूसरा स्थान 9
- अयोध्या में बनेगा रक्षा का सबसे बड़ा केंद्र : ब्रिटिश कंपनी करेगी 75 हज़ार करोड़ रुपए का निवेश 10
- आगरा और मथुरा में भ्रमण के लिये हेलीकॉप्टर सेवा 11
- कानपुर के आदर्श सिंह का अंडर-19 विश्वकप के लिये भारतीय टीम में चयन 11
- होटलों और रिसॉर्ट्स के वर्गीकरण के लिये 'नई स्टार वर्गीकरण प्रणाली' 12
- प्रधानमंत्री ने वाराणसी में काशी तमिल संगमम 2023 का किया उद्घाटन 12
- प्रधानमंत्री ने वाराणसी में स्वर्वेद महामंदिर का किया उद्घाटन 12
- प्रधानमंत्री ने वाराणसी में दूसरी वंदेभारत को दिखाई हरी झंडी 15
- प्रदेश के 57 ज़िलों में खुलेंगे साइबर क्राइम थाने 16
- स्विट्जरलैंड की तर्ज पर लखनऊ में बनेगी आधुनिक गौशाला 17
- देश के शीर्ष विश्वविद्यालय में शामिल हुआ प्रदेश का पूर्वांचल विश्वविद्यालय, नैक में मिला ए प्लस रैंक 18
- बीएचयू में शुरू होगी किडनी ट्रांसप्लांट की ओपीडी 19
- आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण में आजमगढ़ पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर 19
- पहली अमृत भारत ट्रेन को अयोध्या से हरी झंडी दिखाएंगे पीएम मोदी 20
- उत्तर प्रदेश का पहला अंतर-ज़िला हेलीकाप्टर मार्ग 20
- उत्तरप्रदेश में 'ग्रीन हाइड्रोजन' नीति 21
- अयोध्या धाम जंक्शन 21
- पंजीकृत निवेशकों के मामले में यूपी, गुजरात से आगे 21
- पंडित मदन मोहन मालवीय जयंती 22


**नोट :**

# उत्तर प्रदेश

## मुरादाबाद में बनेगा एशिया का दूसरा बड़ा फिश मार्केट

### चर्चा में क्यों ?

2 दिसंबर, 2023 को उत्तर प्रदेश के मत्स्य विभाग के सहायक निदेशक विजय शंकर चौरसिया ने बताया कि मछली पालन को बढ़ावा देने के लिये एशिया का दूसरा बड़ा फिश मार्केट मुरादाबाद में बनाया जाएगा।



### प्रमुख बिंदु

- 2.125 हेक्टेयर भूमि में 50 करोड़ रुपए की लागत से बनने से वाला यह तीन मंजिला आधुनिक मछली केंद्र पूरी तरह वातानुकूलित रहेगा। इसमें एक ही छत के नीचे मछली पालकों और मछली के व्यापार से संबंधित सभी सुविधाएँ मौजूद रहेंगी।
- विदित हो कि एशिया का पहला आधुनिक फिश मार्केट उत्तर प्रदेश के ही चंदौली ज़िले में बना है। इसके बाद दूसरी बड़ी मंडी बनाने की तैयारी मुरादाबाद में की जा रही है
- इसके बन जाने के बाद ज़िले के मत्स्य उत्पादकों को जहाँ अपना उत्पादन बेचने के लिये बड़ी मंडी और बेहतर दाम मिलेंगे, वहीं मत्स्य उत्पादन को बढावा व हज़ारों लोगों को प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से रोज़गार भी मिलेगा।
- मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिये मंडलायुक्त आंजनेय कुमार के प्रयास से फिश मार्केट का यह प्रोजेक्ट मुरादाबाद को करीब छह माह पहले ही मिल चुका था, लेकिन समस्या भूमि उपलब्धता की थी। अब सदर ब्लॉक के ग्राम मुगलपुर उर्फ अगवानपुर में 2.125 हेक्टेयर भूमि मिल गई है।
- गौरतलब है कि मंडल में मछली का उत्पादन भी तेजी से बढ़ रहा है। वर्ष 2021-22 में जहाँ कुल 19,396 टन मत्स्य उत्पादन हुआ था, वहीं वर्ष 2022-23 में यह बढ़कर 23,885 टन हो गया।

- आधुनिक फिश मार्केट में यह होगा खास:
  - 6470 वर्ग मीटर में एक बड़ा नीलामी हॉल।
  - 2936 वर्ग मीटर क्षेत्र में रिटेल बिल्डिंग, जिसमें 23 रिटेल स्टोर, 34 रेस्टोरेंट, ईक्योस्क।
  - 2114 वर्ग मीटर का सेंटर कॉन्फ्रेंस हाल एवं ट्रेनिंग सेंटर, लैब्रोटरी।
  - 795 वर्ग मीटर की सर्विस बिल्डिंग।
  - 86 वर्ग मीटर के चार कोल्ड स्टोर, ग्राउंड फ्लोर पर।
  - कोल्ड चैन मेंटेन रखने को सोलर पॉवर प्लॉट और बड़े जनरेटर।
  - सीसी रोड, ड्रेनेज सिस्टम, चाहरदीवारी, पेवर ब्लॉक, फायर हाइड्रेंड, हाई मॉस्क लाइटें, गार्ड रूम।

# उत्तर प्रदेश के दिव्यांग तेजवीर, अभिनव चौधरी और दिव्यांग डेवलपमेंट सोसाइटी को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

## चर्चा में क्यों ?

3 दिसंबर, 2023 को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में एक भव्य समारोह में उत्तर प्रदेश के दिव्यांग तेजवीर, अभिनव चौधरी और दिव्यांग डेवलपमेंट सोसाइटी को राष्ट्रीय पुरस्कार-2023 से सम्मानित किया।

## प्रमुख बिंदु

- विदित हो कि अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में दिव्यांगजन सशक्तिकरण के लिये विभिन्न क्षेत्रों में अनुकरणीय योगदान के लिये देशभर से 21 व्यक्तियों और 9 संस्थानों को राष्ट्रीय पुरस्कार-2023 प्रदान किया।
- गौतम बुद्ध नगर के दादरी तहसील के दुजाना गाँव के 90% गतिविषयक दिव्यांगजन (दोनों पैरों से दिव्यांग) तेजवीर सिंह को सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लियें श्रेष्ठ दिव्यांगजन' की श्रेणी में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिये राष्ट्रीय पुरस्कार-2023 से सम्मानित किया गया है।
  - दिव्यांग तेजवीर सिंह को इससे पहले भी ज़िला प्रशासन और प्रदेश सरकार की तरफ से सम्मानित किया जा चुका है। वर्ष 2021 में डीएम ने तेजवीर सिंह को सम्मानित किया था। वर्ष 2022 में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गोल्ड मेडल और 2 लाख रुपए देकर उन्हें सम्मानित किया था।
- गाजियाबाद के 60% बौद्धिक दिव्यांगजन अभिनव चौधरी को कला एवं संस्कृति तथा समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिये 'श्रेष्ठ दिव्यांगजन' की श्रेणी में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिये राष्ट्रीय पुरस्कार-2023 से सम्मानित किया गया है।
  - कला और संस्कृति एवं नृत्य, अभिनव और माडलिंग से जुड़े अभिनव चौधरी ने 'डांस इंडिया डांस' जैसे विभिन्न राष्ट्रीय स्तर के नृत्य कार्यक्रमों में भाग लिया और 2018 में जीत हासिल की।
  - उन्हें वर्ल्ड रिकॉर्ड इंडिया द्वारा 'एक विशेष बच्चे द्वारा किये गए सबसे अधिक डांस फार्म के लिये विश्व रिकॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। उन्होंने कई अन्य राज्य और ज़िला स्तर के पुरस्कार भी जीते हैं।
  - वे एक डांस अकादमी चला रहे हैं, जहाँ विशेष आवश्यकताओं और वंचित बच्चों को नृत्य सिखाते हैं, जो एक समाज सेवा है।
- इसी प्रकार कानपुर स्थित गैर-लाभकारी संगठन दिव्यांग डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा किये जा रहे कार्यों को मान्यता देते हुए उन्हें 'पुनर्वासन पेशेवरों के विकास में कार्यरत सर्वश्रेष्ठ संगठन' की श्रेणी में दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने से संबंधित कार्य करने वाले संस्थान हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार-2023 से सम्मानित किया गया है।
- गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने 1969 में नियोक्ताओं और कर्मचारियों के रूप में उत्कृष्ट दिव्यांगजनों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करने की एक योजना को मंज़ूरी दी थी। ये पुरस्कार दिव्यांगजनों से संबंधित मुद्दों पर जनता का ध्यान केंद्रित करने और उन्हें समाज की मुख्य धारा में लाने को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्थापित किये गए हैं।
- राष्ट्रीय पुरस्कार प्रत्येक वर्ष 3 दिसंबर को उत्कृष्ट दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिये काम करने वाले व्यक्तियों/संगठनों को 'अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस' पर प्रदान किये जाते हैं।

- वर्ष 2023 के लिये विकलांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण के लिये राष्ट्रीय पुरस्कार निम्नलिखित श्रेणियों के तहत दिये गए हैं-

I. विकलांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण के लिये राष्ट्रीय पुरस्कार-2023-व्यक्तिगत उत्कृष्टता

- सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन
- श्रेष्ठ दिव्यांगजन
- लोकोमोटर चुनौती - (लोकोमोटर, मांसपेशीय चुनौतियाँ, बौनापन, एसिड अटैक विक्टिम, कुष्ठ रोग से उबरे हुए, सेरेब्रल पाल्सी)
- दृश्य हानि - (अंधापन, कम दृष्टि)
- श्रवण हानि (बहरा, सुनने में कठिनाई, बोलने और भाषा की चुनौती)
- बौद्धिक विकलांगता (मानसिक मंदता, मानसिक व्यवहार, विशिष्ट सीखने की चुनौती, ऑटिज़म स्पेक्ट्रम विकार)
- उपरोक्त उल्लिखित विकलांगताओं को छोड़कर कोई भी निर्दिष्ट विकलांगता।
    - श्रेष्ठ दिव्यांग बाल/बालिका
    - सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति - दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिये कार्यरत्स
    - र्वश्रेष्ठ पुनर्वास पेशेवर (पुनर्वास पेशेवर/कार्यकर्त्ता) - दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत्

II. दिव्यांग व्यक्तियों को सशक्त बनाने में लगे संस्थानों के लिये राष्ट्रीय पुरस्कार-2023

- दिव्यांग सशक्तिकरण हेतु सर्वश्रेष्ठ संस्थान (निजी संगठन, एनजीओ)
- दिव्यांगों के लिये सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता - (सरकारी संगठन/पीएसई/स्वायत्त निकाय/निजी क्षेत्र)
- सुगम्य भारत अभियान के कार्यान्वयन/बाधामुक्त परिवेश के सृजन में सर्वश्रेष्ठ राज्य/यूटी/ज़िला
- सर्वश्रेष्ठ सुगम्य यातायात के साधन/सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (सरकारी/निजी संगठन)
- दिव्यांगजनों के अधिकार अधिनियम/यूडीआईडी एवं दिव्यांग सशक्तिकरण की अन्य योजनाओं के कार्यान्वयन में सर्वश्रेष्ठ राज्य/यूटी/ज़िला
- दिव्यांगजनों के अधिकार अधिनियम, 2016 के अपने राज्य में कार्यान्वयन में सर्वश्रेष्ठ राज्य के दिव्यांगजन आयुक्त
- पुनर्वास पेशेवरों के विकास में संलग्न सर्वश्रेष्ठ संगठन

## उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग का हुआ शुभारंभ

### चर्चा में क्यों?

4 दिसंबर, 2023 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग की मशाल को प्रज्वलित कर लीग का शुभारंभ किया।

### प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथजी महाराज पंचम अखिल भारतीय प्राइजमनी पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता-2023 के विजेताओं के लिये पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया।
- कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश ने जेडी एकेडमी नई दिल्ली को हराकर खिताब जीता। मुकाबला समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री ने विजयी टीमों व खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।
- मुख्यमंत्री ने ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ स्मृति अखिल भारतीय प्राइजमनी कबड्डी प्रतियोगिता में अगले वर्ष पुरस्कार राशि दोगुनी करने का निर्देश भी खेल विभाग को दिया।
- मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता प्रदेश के सभी विकास खंडों में होगी। इसमें कई तरह की खेल प्रतियोगिताएँ होंगी। ब्लॉक स्तर के बाद ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को जनपद, जोन और प्रदेश स्तर पर मौका मिलेगा। इससे लाखों खिलाड़ी लाभान्वित होंगे।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में खेल के संसाधनों और गतिविधियों को बढ़ाने के लिये सरकार ने कई महत्त्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। इसके तहत हर गाँव में खेल के मैदान व ओपन जिम विकसित किये जा रहे हैं। ज़िला स्तर पर स्टेडियम व ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम बनाए जा रहे हैं।

नोट :

- वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 2 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम हैं। वाराणसी में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण कार्य जारी है। प्रदेश में 15 सिंथेटिक हॉकी ट्रैक, 3 सिंथेटिक रनिंग ट्रैक, 67 बहुउद्देश्यीय स्पोर्ट्स हाल, 15 इनडोर बास्केटबॉल हाल, 2 जूडो हाल, 6 शूटिंग रेंज बनाए जा चुके हैं। मेरठ में मेजर ध्यानचंद के नाम पर प्रदेश का पहला विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय का निर्माण हो रहा है।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलो इंडिया, फिट इंडिया मूवमेंट और सांसद खेल स्पर्द्धा से खेल और खिलाड़ियों को काफी प्रोत्साहन मिला है। इसे और गति देने के हर ज़िले में स्पोर्ट्स सेंटर बनाए जा रहे हैं।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिये प्रदेश सरकार पर्याप्त धनराशि देने के साथ उन्हें सरकारी नौकरी दे रही है। डेढ़ लाख रुपए मासिक मानदेय पर कई कोच नियुक्त किये गए हैं। एकलव्य क्रीड़ा कोष से भी खिलाड़ियों को मदद दी जा रही है।
- उन्होंने कहा कि ओलंपिक, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स, विश्व चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने और पदक जीतने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों को भरपूर पुरस्कार राशि दिया जा रहा है, साथ में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वालों को राजपत्रित पदों पर नियुक्ति दी जा रही है। प्रदेश में 500 खिलाड़ियों को नियुक्ति दी जा चुकी है।





## यूपी पुलिस की 25वीं वार्षिक घुड़सवारी प्रतियोगिता में मुरादाबाद बना चैंपियन

### चर्चा में क्यों ?

4 दिसंबर, 2023 को मुरादाबाद के डॉ. भीमराव अंबेडकर पुलिस अकादमी के मैदान में संपन्न हुए यूपी पुलिस की 25वीं वार्षिक घुड़सवारी प्रतियोगिता में मुरादाबाद के घोड़े और घुड़सवार एक बार फिर चैंपियन बन गए। मुरादाबाद ने अपने शानदार प्रदर्शन से ट्रॉफी अपने कब्ज़े में रखी है।

### प्रमुख बिंदु

- मुख्य अतिथि एडीजी बरेली जोन पी.सी. मीणा ने विजेता और उप-विजेता टीमों को शील्ड, पदक और पुरस्कार देकर सम्मानित किया।
- विदित हो कि मुरादाबाद हर प्रतियोगिता में चैंपियन का खिताब अपने नाम करता आ रहा है।
- 1 दिसंबर, 2023 को शुरू हुई 25वीं वार्षिक घुड़सवारी प्रतियोगिता के दौरान टेंट पेगिंग, व्रवो जंप, पुलिस रिमाउंड ड्रेसाज, रिले कॉम्पटीशन गुरु-चेला, मिडले रिले, शो जंपिंग टॉप स्कोर, शो जंपिंग ट्रेनी और नए घोड़े, जंपिंग सिक्सवार की स्पर्द्धा कराई गई।
- प्रतियोगिता में बरेली, अलीगढ़, मुरादाबाद लखनऊ सहित सात जोन के घोड़े और घुड़सवारों ने प्रतिभाग किया था।
- अंतिम दिन शो जंपिंग ओपन सिक्सवार स्पर्द्धा में प्रशिक्षण जोन के वीर सिंह अपने घोड़े गुलाब के साथ प्रथम, महेश बाबू अपने घोड़े रिमझित के साथ तथा भगवान सिंह अपने घोड़े मोंटीना के साथ संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहे। घोड़ा अदा के साथ लखनऊ जोन के सत्यम सिंह को तृतीय स्थान मिला।
- टेंट पेंगिंग व्यक्तिगत स्पर्द्धा में प्रशिक्षण जोन मुरादाबाद के एसआई राजनरेश ने डायमंड के साथ पहला, कानपुर जोन के अनुज कुमार घोड़े पार्थ के साथ तथा बरेली जोन के तरुण सांगवान घोड़े फैंटम के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। प्रशिक्षण जोन के वीर सिंह घोड़े भारत के साथ तीसरे स्थान पर रहे।
- इस अवसर पर एडीजी पी.सी. मीणा ने कहा कि मानव सभ्यता के विकास में घोड़ों का योगदान सदैव सराहनीय रहा है। आज भी पुलिस कार्यप्रणाली में यातायात नियंत्रण, मेला नियंत्रण और भीड़ नियंत्रण में घोड़े और घुड़सवार पुलिसकर्मियों का कोई विकल्प नहीं है।
- घुड़सवारी प्रतियोगिता में प्रशिक्षण जोन मुरादाबाद के एसआईएमपी राजनरेश ने व्रवो जंपिंग, टीम टेंट पेगिंग, ड्रेसाज टीम और व्यक्तिगत, गुरु चेला, मिडले रिले, टेंट पेगिंग व्यक्तिगत में पहला स्थान हासिल किया। उन्हें सर्वश्रेष्ठ घुड़सवार घोषित किया गया। प्रशिक्षण जोन मुरादाबाद के घोड़े राठौर को सर्वश्रेष्ठ घोड़े का खिताब मिला।



नोट :

## आईआईटी कानपुर की रिसर्च में नारकोंडम द्वीप के पास मिले तेल और गैस के संकेत

### चर्चा में क्यों?



6 दिसंबर, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार आईआईटी कानपुर के अर्थ साइंस विभाग के पीएचडी छात्र हर्षद श्रीवास्तव की रिसर्च में नारकोंडम द्वीप के पास तेल और गैस के संकेत मिले हैं।

### प्रमुख बिंदु

- अंडमान निकोबार से 139 किमी. दूर स्थित नारकोंडम द्वीप के पास सेडीमेंटरी बेसिन में गैस और तेल होने के संकेत मिले हैं। बेसिन में 10 किमी. लंबी तरल परत मिली है, जिससे गैस और तेल मिलने की संभावना बढ़ गई है।
- दूसरे चरण की रिसर्च के बाद इस पर अंतिम मुहर लग जाएगी। अगर ऐसा होता है तो देश को आर्थिक मज़बूती मिलेगी।
- हर्षद् श्रीवास्तव का यह रिसर्च पेपर जर्मनी की पत्रिका जीओ-मरीन लेटर में अक्तूबर में प्रकाशित हुई है।
- आईआईटी के अर्थ साइंस विभाग के पीएचडी छात्र हर्षद् श्रीवास्तव ने विभाग के सहायक प्रोफेसर दीबाकर घोषाल के मार्गदर्शन में 2019 में रिसर्च शुरू की थी। रिसर्च को पूरा करने में करीब चार साल का समय लगा है।
- यह रिसर्च ओएनजीसी (ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन) की ओर से दिये गए डाटा का विश्लेषण कर निकाली गई है। दो चरणों में होने वाली इस रिसर्च का पहला चरण सफल रहा है। दूसरे चरण में तेल और गैस की पुष्टि हो जाएगी।
- मूल रूप से बलिया ज़िले के बिगाही बहुआरा निवासी हर्षद ने बताया कि नारकोंडम द्वीप प्रसुप्त द्वीप है। द्वीप से 30 किमी. दूरी पर स्थित समुद्र में 2डी सेस्मिक लाइन से परीक्षण किया गया। समुद्र की गहराई करीब 1.5 किमी. है। समुद्र की गहराई के बाद सी फ्लोर से 650 मीटर नीचे 20 मीटर चौड़ी और 10 किमी. ज्यादा लंबी तेल और गैस की कंबाइंड लेयर मिली है।
- हर्षद ने बताया कि ओएनजीसी से मिले सिस्मिक डाटा की मदद से इस रिसर्च को पूरा किया गया है। इस डाटा के लिये एयर गन और हाइड्रोफोन का उपयोग हुआ है। एयरगन के उपयोग से हाईप्रेशर बबल पानी की सेडीमेंटरी लेयर में भेजा गया जिसके प्रेशर को हाइड्रोफोन की मदद से रिकॉर्ड किया गया। यह डाटा कलेक्शन की तकनीक है।
- हर्षद ने बताया कि रिसर्च के दूसरे चरण से वेल लॉग डाटा विधि से तेल और गैस के होने की पुष्टि हो जाएगी। हालांकि वेल लॉग डाटा काफी महँगी प्रक्रिया है। एक वेल लॉग का खर्च करीब 200 करोड़ रुपए आएगा। इसमें मैनुअल काम होगा। पानी के अंदर पाइप डालकर गैस-तेल का पता लगाया जाता है।

## विश्व आर्थिक मंच की बैठक में उत्तर प्रदेश को आमंत्रण

### चर्चा में क्यों?

6 दिसंबर, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार स्विट्ज़रलैंड के दावोस में 15 से 19 जनवरी तक आयोजित विश्व आर्थिक मंच की बैठक में उत्तर प्रदेश को भी आमंत्रित किया गया है।

### प्रमुख बिंदु

- जानकारी के अनुसार दावोस में होने वाली बैठक में हिस्सा लेने के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतिनिधिमंडल नामित किया है। प्रतिनिधिमंडल में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और औद्योगिक विकास एवं निर्यात प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के अलावा अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह और मुख्यमंत्री के सचिव अमित सिंह शामिल हैं।
- विदित हो कि जब योगी आदित्यनाथ विश्व आर्थिक मंच-2023 की बैठक में हिस्सा लेने के लिये दावोस जाएंगे, तो वह ऐसा करने वाले उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री बन जाएंगे।

नोट :

- सम्मेलन में शामिल होने जा रहे मंत्री और अधिकारी वैश्विक मंच पर लगभग साढ़े छह साल में प्रदेश के आर्थिक और औद्योगिक विकास की तेज रफ्तार का मॉडल पेश करेंगे।
- प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश में निवेश के लिये बने नए सकारात्मक माहौल की जानकारी देंगे, ताकि दुनियाभर के निवेशकों को उत्तर प्रदेश की ओर आकर्षित किया जा सके।

# नीति आयोग के एबीपी की पहली डेल्टा रैंकिंग में उत्तर प्रदेश के कौशांबी ज़िले के कौशांबी ब्लॉक को मिला दूसरा स्थान

## चर्चा में क्यों?

7 दिसंबर, 2023 को नीति आयोग द्वारा घोषित एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम (एबीपी) की पहली डेल्टा रैंकिंग में उत्तर प्रदेश के कौशांबी ज़िले के कौशांबी ब्लॉक को दूसरा स्थान मिला। तेलंगाना के आसिफाबाद के तिरियानी कुमुरम भीम ब्लॉक को रैंकिंग में पहला स्थान मिला है।

### प्रमुख बिंदु

- ब्लॉकों को भौगोलिक दृष्टि से भी छह जोनों में विभाजित किया गया है और प्रत्येक जोन से दो ब्लॉकों को रैंकिंग दी गई है।
- जोन 1, जिसमें पहाड़ी और पूर्वोत्तर राज्यों के साथ-साथ द्वीप भी शामिल हैं, में पहले और दूसरे स्थान पर क्रमश: अमरी ब्लॉक (पश्चिम कर्बी आंगलोंग, असम) और नगोपा ब्लॉक (सैतुअल, मिज़ोरम) रहे।
- जोन 2, जिसमें उत्तर भारतीय राज्य शामिल हैं, में उत्तर प्रदेश के बस्ती ज़िले के हर्रैया ब्लॉक ने पहला और गाजीपुर ज़िले के विरनों ब्लॉक ने दूसरा स्थान हासिल किया।
- दक्षिणी राज्यों वाले जोन 3 में, मस्की ब्लॉक (रायचूर, कर्नाटक) और नारनूर (आदिलाबाद, तेलंगाना) को शीर्ष रैंकर घोषित किया गया।
- पश्चिमी भारतीय राज्यों में, जिसमें जोन 4 शामिल है, महाराष्ट्र के गढ़चिरोली ज़िले में सिरोंचा और अहेरी ब्लॉक विजेता बनकर उभरे।
- जोन 5 के तहत मध्य भारत में मध्य प्रदेश के धार ज़िले का तिरला ब्लॉक और बड़वानी ज़िले का पाट ब्लॉक विजेता रहे।
- जोन 6 में शामिल पूर्वी भारत में बिहार के सीवान ज़िले का आंदर और झारखंड के दुमका में रामगढ़ शीर्ष स्थान पर रहे।
- सभी श्रेणियों में विजेताओं को शीर्ष रैंक के लिये 1.5 करोड़ रुपए और दूसरे रैंक के लिये 1 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा।
- ब्लॉकों की रैंकिंग की गणना ब्लॉकों के प्रदर्शन और जून, 2023 के महीने में प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों (केपीआई) में प्राप्त प्रगति के आधार पर की गई।
- केपीआई के आधार पर ब्लॉकों की रैंकिंग करना कार्यक्रम की एक मुख्य रणनीति है, जो प्रतिस्पर्द्धी और सहकारी संघवाद की भावना पर आधारित है। यह पहला मौका है कि आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के हिस्से के रूप में ब्लॉकों की रैंकिंग की गणना की गई है।
- एबीपी के अलावा, अक्टूबर 2023 महीने के लिये एडीपी रैंकिंग की भी घोषणा की गई, जिसमें रायगड़ा (ओडिशा) और जमुई (बिहार) ने क्रमश: पहली और दूसरी रैंक हासिल की। एडीपी की विषयगत और समग्र श्रेणियों में शीर्ष रैंक पाने वालों को सम्मानित किया गया।
- नीति आयोग के उपाध्यक्ष ने नीति आयोग के सदस्यों के साथ 'वॉल ऑफ फेम' का उद्घाटन किया। वॉल ऑफ फेम 2047 तक विकसित भारत बनाने की कल्पना के साथ आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम और आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम के प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डालता है। यह देश में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले आकांक्षी ब्लॉक और आकांक्षी ज़िलों की उपलब्धियों की सराहना करता है।
- विदित हो कि एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम (एबीपी) 7 जनवरी, 2023 को शुरू किया गया था। एबीपी भारत के सबसे कठिन और अपेक्षाकृत अविकसित ब्लॉकों में नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिये शासन में सुधार पर केंद्रित है। भारत के 27 राज्यों और 4 केंद्रशासित प्रदेशों के 329 ज़िलों के 500 ब्लॉक इस कार्यक्रम का हिस्सा हैं।
- 500 आकांक्षी ब्लॉकों का 31 मार्च, 2023 और 30 जून, 2023 की पहली तिमाही का आधारभूत डेटा 11 मंत्रालयों की प्रबंधन सूचना प्रणाली के माध्यम से प्राप्त किया गया था। पहली डेल्टा रैंक की गणना पहली तिमाही में हुए सुधार के आधार पर की गई है।

नोट :

# अयोध्या में बनेगा रक्षा का सबसे बड़ा केंद्र : ब्रिटिश कंपनी करेगी 75 हज़ार करोड़ रुपए का निवेश

## चर्चा में क्यों ?



11 दिसंबर, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार ब्रिटेन की बड़ी कंपनी ट्राफलगर स्क्वायर कैपिटल उत्तर प्रदेश के अयोध्या में डिफेंस विनिर्माण की इकाईयाँ लगाएगी। इसके लिये कंपनी कुल 75000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी।

### प्रमुख बिंदु

- प्रदेश में एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) नीति के तहत पाँच बड़ी मल्टीनेशनल कंपनियों ने दिलचस्पी दिखाई है। इनमें हांगकांग की कंपनी टौशैन इंटरनेशनल ग्रुप, आरजी ग्रुप, आस्टिन कंसल्टिंग ग्रुप, कॉसिस ग्रुप, इंडो यूरोपियन चैंबर ऑफ स्माल एंड मीडियम इंटरप्राइजेज, ब्रिटेन की ट्राफलगर स्क्वायर कैपिटल ग्रुप, एबीसी क्लीनटेक, यूनीकॉर्न एनर्जी जर्मनी आदि हैं।



- ब्रिटेन की ट्राफलगर स्क्वायर ने पाँच और जर्मनी की यूनीकॉर्न एनर्जी ने दो एमओयू पर हस्ताक्षर किये हैं। ट्राफलगर स्क्वायर यहाँ डिफेंस विनिर्माण इकाइयाँ लगाएंगी। इन पर 75 हज़ार करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। इस निवेश के साथ कम-से-कम 26 हज़ार नए रोज़गार पैदा होंगे।
- डिफेंस क्षेत्र में निवेश डिफेंस कॉरिडोर के बाहर किया जा रहा है। एक ज़िले में 75 हज़ार करोड़ रुपए का निवेश संभवत: देश के किसी एक ज़िले में होने वाला सबसे बड़ा निवेश होगा।
- जर्मनी की यूनीकॉर्न एनर्जी द्वारा दो प्रोजेक्ट के जरिये लखनऊ और जौनपुर में करीब 42 हज़ार करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। ये दोनों प्रोजेक्ट सौर ऊर्जा क्षेत्र के होंगे। इनमें लगभग 2200 लोगों को रोज़गार मिलेगा।
- जीएमआर समूह ने भी सौर ऊर्जा मे निवेश के लिये 40 हज़ार करोड़ रुपए का एमओयू किया है। अभी जगह का चुनाव नहीं किया गया है। वहीं आदित्य बिड़ला ग्रुप ने टेक्सटाइल और रेडीमेड के क्षेत्र में 25 हज़ार करोड़ रुपए का नया एमओयू किया है।

नोट :

- हिंदूजा समूह ने अशोक लीलैंड के ईवी वाहन का समझौता करने के बाद फिल्म, मीडिया और सौर ऊर्जा क्षेत्र में भी 25 हज़ार करोड़ रुपए का निवेश किया है। दोनों कंपनियों ने जगह का चुनाव नहीं किया है।
- नेशनल थर्मल पॉवर कॉर्पोरेशन ने सौर ऊर्जा और ऊर्जा क्षेत्र में 6 एमओयू किये हैं। कॉर्पोरेशन 74 हज़ार करोड़ रुपए से झांसी, सोनभद्र और प्रयागराज में प्लांट लगाएगा।

## आगरा और मथुरा में भ्रमण के लिये हेलीकॉप्टर सेवा

### चर्चा में क्यों?

12 दिसंबर, 2023 को आगरा और मथुरा में भ्रमण के लिये हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने के संबंध में प्रदेश के पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की उपस्थिति में पर्यटन विभाग और मैसर्स राजस एयरो स्पोर्ट एंड एडवेंचर प्राइवेट लिमिटेड के बीच एमओयू किया गया।

### प्रमुख बिंदु

- आगरा और मथुरा में हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने के लिये दोनों जगह हेलीपोर्ट तैयार हो गए हैं। इसका संचालन पीपीपी मोड पर कराया जाएगा। भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर 25 दिसंबर को इसके उद्घाटन की संभावना है।
- पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने बताया कि इन स्थलों पर हेलीपोर्ट की सुविधा से देशी-विदेशी पर्यटकों और श्रद्धालुओं को हवाई सेवा का अवसर मिलेगा। इससे सैलानियों की संख्या बढ़ेगी, स्थानीय स्तर पर गतिविधियाँ बढ़ेंगी तथा रोज़गार के नये अवसर पैदा होंगे।
- उन्होंने कहा कि अगले चरण में प्रदेश के अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों (लखनऊ, कपिलवस्तु, अयोध्या, वाराणसी व नैमिषारण्य) पर पीपीपी मोड पर इसके संचालन के लिये संस्था चयन की कार्यवाही की जा रही है।
- पर्यटकों की आवश्यकताओं और विशिष्ट सेवाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की जा रही है। पीपीपी मोड पर संचालन के लिये मैसर्स राजस एयरोस्पोर्ट एंड एडवेंचर प्राइवेट लिमिटेड को 30 वर्ष की लीज पर दिया जा रहा है।
- सबसे पहले सिक्स प्लस वन सीटर हेलीकॉप्टर का संचालन किया जाएगा, फिर जरूरत के अनुसार यह संख्या बढ़ाई जा सकती है। मथुरा में तीन प्रकार की सेवा दी जाएगी- पहली हवाई परिक्रमा, दूसरी पूरे मथुरा का हवाई भ्रमण और तीसरी कनेक्टिविटी भ्रमण।
- इसी तरह आगरा में एयर सफारी आगरा के तहत भ्रमण कराया जाएगा। आगरा में विदेशी पर्यटकों को ध्यान में रखते हुए दिल्ली एयरपोर्ट से कनेक्टिविटी दी जाएगी। साथ ही हाट एयर बैलून की भी सुविधा दी जाएगी। ताजमहल एयर सफारी भी पहली बार कराई जाएगी।
- विदित हो कि देश में पहली बार ऐसा हो रहा है, जब किसी धार्मिक स्थल की एयर परिक्रमा की शुरुआत हो रही है।

## कानपुर के आदर्श सिंह का अंडर-19 विश्वकप के लिये भारतीय टीम में चयन

### चर्चा में क्यों?




12 दिसंबर, 2023 को बीसीसीआई ने साउथ अफ्रीका में होने वाले अंडर-19 विश्वकप और ट्राई सीरीज के लिये भारतीय टीम की घोषणा की, जिसमें कानपुर के आदर्श सिंह का नाम भी शामिल है।

### प्रमुख बिंदु

- लगातार घरेलू क्रिकेट में बेहतर प्रदर्शन करने के कारण आदर्श सिंह का चयन अंडर-19 विश्वकप के लिये भारतीय टीम में हुआ है। इससे पहले उनका चयन यूपी टी-20 क्रिकेट लीग में भी हुआ था।
- मूल रूप से जौनपुर के रहने वाले किसान नरेंद्र कुमार सिंह व मंजू लता के बेटे आदर्श सिंह ने किराये के मकान में रहकर क्रिकेट सीखा है।
- अपने बेहतरीन खेल के दम पर आदर्श सिंह अंडर-14 के साथ ही अंडर-16 व अंडर-19 क्रिकेट टीम में उत्तर प्रदेश की ओर से कप्तान रहे।
- वर्ष 2023 में आदर्श सिंह का चयन नेशनल क्रिकेट एकेडमी में हुआ। यहाँ पर आदर्श ने वीवीएस लक्ष्मण, इरफान पठान, प्रज्ञान ओझा, लोकेश राहुल से क्रिकेट की बारीकियों को सीखा।

नोट :

- उल्लेखनीय है कि अंडर-19 विश्वकप की भारतीय टीम में कानपुर की ओर से खेलने वाले आदर्श सिंह चौथे खिलाड़ी हैं। उनसे पहले अंडर-19 भारतीय टीम में शहर से खेलने वालों में अरविंद सोलंकी, कुलदीप यादव व अर्चना देवी शामिल है। अरविंद सोलंकी व कुलदीप यादव स्पिन गेंदबाज के तौर पर खेले थे। अर्चना देवी ऑलराउंडर के रूप में खेली। वहीं आदर्श सिंह सलामी बल्लेबाज के रूप में खेलेंगे।

## होटलों और रिसॉर्ट्स के वर्गीकरण के लिये 'नई स्टार वर्गीकरण प्रणाली'

### चर्चा में क्यों?

13 दिसंबर, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिये उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने प्रदेश के ऑपरेशनल होटलों और रिसॉर्ट्स के स्टार वर्गीकरण की मंज़ूरी के लिये 'नई स्टार वर्गीकरण प्रणाली' शुरू की है।

### प्रमुख बिंदु

- नई वर्गीकरण प्रणाली का उद्देश्य प्रदेश में अधिक होटल कमरों की उपलब्धता, बेहतर सुविधाओं के साथ हॉस्पिटैलिटी उद्योग में सुधार, होटल और रिसॉर्ट्स को उद्योग के बराबर सब्सिडी और प्रोत्साहन प्रदान करना है।
- 'नई स्टार वर्गीकरण प्रणाली' होटलों को उनकी गुणवत्ता, सेवाओं और समग्र सुविधाओं और अतिथि अनुभव के आधार पर वर्गीकृत करेगी, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।
- नई संशोधित वर्गीकरण प्रणाली में पाँच अलग-अलग श्रेणियाँ शामिल हैं- प्लैटिनम, डायमंड, गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज। ये श्रेणियाँ पर्यटन मंत्रालय द्वारा निर्धारित होटल उद्योग की पारंपरिक स्टार रेटिंग क्रमश: 5-स्टार, 4-स्टार, 3-स्टार, 2-स्टार और वन स्टार वर्गीकरण के अनुरूप हैं।
- यह संशोधित प्रणाली पर्यटकों के लिये चयन प्रक्रिया को सरल बनाएगी और होटलों के बीच उच्च सेवा मानकों को प्रोत्साहित करेगी।
- इस प्रणाली के अंतर्गत मान्यता प्राप्त होटल कई प्रकार के प्रोत्साहनों के पात्र होंगे और उन्हें उद्योग मानक के तहत सब्सिडी और कर लाभ मिलेगा।
- उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) राज्य में न्यू स्टार होटल वर्गीकरण प्रणाली के कार्यान्वयन के लिये नोडल एजेंसी होगी।

## प्रधानमंत्री ने वाराणसी में काशी तमिल संगमम 2023 का किया उद्घाटन

### चर्चा में क्यों?

17 दिसंबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उत्तर प्रदेश के वाराणसी में काशी तमिल संगमम 2023 का उद्घाटन किया गया।

### प्रमुख बिंदु

- काशी तमिल संगमम का उद्देश्य देश की दो सबसे महत्वपूर्ण और प्राचीन शिक्षा पीठों, तमिलनाडु और काशी के बीच सदियों पुराने संबंधों का उत्सव मनाते हुए इनकी पुष्टि करना और इनका पुन:अन्वेषण करना है।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कन्याकुमारी-वाराणसी तमिल संगमम ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया|
- इस अवसर पर तिरुक्कुरल, मणिमेकलाई और अन्य उत्कृष्ट तमिल साहित्य के बहुभाषा और ब्रेल अनुवाद को भी जारी किया।
- आईआईटी, चेन्नई विद्या शक्ति पहल के अंतर्गत विज्ञान और गणित में वाराणसी के हजारों छात्रों को ऑनलाइन सहायता प्रदान की जा रही है।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि काशी तमिल संगमम 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को आगे बढ़ाता है।

## प्रधानमंत्री ने वाराणसी में स्वर्वेद महामंदिर का किया उद्घाटन

### चर्चा में क्यों?

18 दिसंबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उत्तर प्रदेश के वाराणसी के चौबेपुर इलाके के उमरहा में बने स्वर्वेद मंदिर का उद्घाटन किया गया।

नोट :




## प्रमुख बिंदु

- स्वर्वेद मंदिर का निर्माण विहंगम योग संस्थान के प्रणेता संत सदाफल महाराज की ओर से कराया गया है।
- संत सदाफल महाराज के विश्व के अनेक देशों में आश्रम हैं, उसमे से वाराणसी का यह आश्रम सबसे बड़ा है।
- स्वर्वेद मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां पर भगवान की नहीं, बल्कि योग- साधना की पूजा होती है।
- स्वर्वेद मंदिर का निर्माण मकराना मार्बल से की गई है। साथ ही इस मंदिर की दीवारों पर अद्भुत नक्काशी भी की गई है।
- यह मंदिर सात मंजिला है साथ ही यह दुनिया का सबसे बड़ा मेडिटेशन सेंटर भी बन गया है। इस मंदिर में लगभग 20 हजार लोग एक साथ योग और ध्यान कर सकते हैं।
- यह मंदिर 64 हजार वर्गफीट में बना हुआ है, जिसकी ऊँचाई 180 फीट है।
- स्वर्वेद मंदिर मंदिर 200 एकड़ परिसर में फैला हुआ है।
- स्वर्वेद मंदिर के सभी तलों पर अंदर की दीवार पर लगभग 4000 स्वर्वेद के दोहे लिखे हैं। बाहरी दीवार पर 138 प्रसंग वेद उपनिषद, महाभारत, रामायण, गीता आदि के प्रसंग पर चित्र बनाए गए हैं।

नोट :

- स्वर्वेद मंदिर के निर्माण की शुरुआत वर्ष 2004 में हुई थी। पिछले 19 वर्षों में इस मंदिर को आकार दिया गया है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वर्वेद महामंदिर के लोकार्पण के साथ ही संत सदाफल महाराज की 135 फीट ऊँची प्रतिमा का भी शिलान्याश किया।




नोट :



## प्रधानमंत्री ने वाराणसी में दूसरी वंदेभारत को दिखाई हरी झंडी

### चर्चा में क्यों ?

18 दिसंबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी में दूसरी वंदेभारत एक्सप्रेस को वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर देश सेवा में समर्पित किया।



### प्रमुख बिंदु

- यह वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन बनारस से नई दिल्ली के मध्य चलेगी।
- वंदेभारत एक्सप्रेस (04015 ट्रेन नंबर) नियमित रूप से पूर्वोत्तर रेलवे के बनारस (पूर्व में मंडुआडीह) रेलवे स्टेशन से सुबह छह बजे खुलेगी।
- वंदेभारत एक्सप्रेस को रेलवे बोर्ड ने सप्ताह में छह दिन चलाने का निर्णय लिया है तथा ट्रेन का रखरखाव के लिये मंगलवार को यह ट्रेन रवाना नहीं की जाएगी।
- इस अवसर पर इंदाराघाट से दोहरीघाट के लिये नई मेमू ट्रेन का भी उद्घाटन किया गया।

नोट :

- विदित हो कि 15 फरवरी, 2019 को पहली वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन रवाना हुई थी।



## प्रदेश के 57 ज़िलों में खुलेंगे साइबर क्राइम थाने

### चर्चा में क्यों ?

19 दिसंबर, 2023 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लोकभवन में आयोजित कैबिनेट बैठक में प्रदेश के 57 जनपदों में साइबर क्राइम थाने स्थापित करने के प्रस्ताव पर मुहर लग गई।

### प्रमुख बिंदु

- उत्तर प्रदेश में बढ़ते हुए साइबर क्राइम के मामलों को देखते हुए योगी सरकार ने यह बड़ा निर्णय लिया है। इस निर्णय के साथ ही प्रदेश के सभी जनपदों में साइबर क्राइम थानों की मौजूदगी हो जाएगी।
- वर्तमान में प्रदेश के सभी 18 मंडल मुख्यालयों में साइबर क्राइम थाने मौजूद हैं। अभी तक आईजी स्तर का अधिकारी इन थानों को देखता था लेकिन सभी जनपदों में साइबर क्राइम थाने स्थापित होने के बाद पुलिस अधीक्षक इसकी जिम्मेदारी निभाएंगे।
- लोकभवन के मीडिया सेंटर में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि 57 जनपदों में साइबर क्राइम थानों की स्थापना होने से न सिर्फ साइबर क्राइम पर नजर रखी जा सकेगी, बल्कि उस पर प्रभावी कार्रवाई भी संभव हो सकेगी।
- उन्होंने बताया कि साइबर क्राइम में कन्विक्शन के मामले में उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर है। प्रदेश का कन्विक्शन रेट 87.8 परसेंट है जो नेशनल साइबर क्राइम के कन्विक्शन रेट 46.5 परसेंट से काफी बेहतर है।
- अब तक उत्तर प्रदेश में 838 कन्विक्शन हुए हैं, जबकि दूसरे नंबर पर मौजूद मध्य प्रदेश में सिर्फ 59 कन्विक्शन हुए हैं। उत्तर प्रदेश में 7122 क्रिमिनल अरेस्ट किए गए हैं, जबकि महाराष्ट्र में 2582 क्रिमिनल अरेस्ट किए गए। उत्तर प्रदेश में 2022 में 10,117 केस रजिस्टर हुए हैं।
- इन जनपदों में स्थापित होंगे साइबर क्राइम थाने: मथुरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, जौनपुर, हमीरपुर, महोबा, सोनभद्र, रायबरेली, सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर खीरी, कानपुर देहात, इटावा, देवरिया, कुशीनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, फतेहगढ़, कन्नौज, औरैया, मेरठ, गाजियाबाद, बुलंदशहर, बागपत, हापुड़, सुल्तानपुर, बाराबंकी, महाराजगंज, अमेठी, अंबेडकरनगर, एटा, हाथरस, कासगंज, गाजीपुर, चंदौली, मऊ, बहराइच, उन्नाव, बदायूं, शाहजहांपुर, पीलीभीत, रामपुर, बिजनौर, अमरोहा, संभल, भदोही, बलिया, सिद्धार्थनगर, संत कबीरनगर, ललितपुर, जालौन, मुजफ्फरनगर, शामली, प्रतापगढ़, फतेहपुर, कौशांबी एवं चित्रकूट।

नोट :



## स्विट्ज़रलैंड की तर्ज पर लखनऊ में बनेगी आधुनिक गौशाला

### चर्चा में क्यों ?

20 दिसंबर, 2023 को लखनऊ के महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने बताया कि उत्तरधौना गांव में स्विट्ज़रलैंड की तर्ज पर एक नई गोशाला बनाई जाएगी।



### प्रमुख बिंदु

- विदित हो कि लखनऊ नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में इसका प्रस्ताव पास किया गया। वहीं नगर निगम की शूटिंग रेंज को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाने समेत 13 प्रस्ताव पास हुए।
- उत्तर प्रदेश सरकार की गो पर्यटन नीति के तहत 10 हेक्टेयर जमीन पर इसका विकास किया जाएगा। इसपर 32.63 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इस गोशाला का नाम 'मनोरथा' गोशाला होगा। यहां पर करीब दो हज़ार गायें रखी जा सकेंगी।

- इस गोशाला में गायों को बांधकर नहीं रखा जाएगा। ज्यादा से ज्यादा खुला क्षेत्र रहेगा, जिसमें वे टहल-टहलकर चर सकेंगी। गोशाला में दुधारू गायें ही रखी जाएंगी। गोशाला में भारतीय संस्कृति की झलक दिखेगी।
- गायों को गोशाला में प्राकृतिक माहौल दिया जाएगा। पूरा मैदान कच्चा रहेगा। वहीं उनके चरने के लिए खेत होगा। इससे गायें जो गोबर करेंगी, उसको उठाने की भी जरूरत नहीं होगी। गोबर उसी मैदान में सूखकर खाद बन जाएगा।
- गोशाला को इस तरह से विकसित किया जाएगा ताकि यह पर्यटन का भी केंद्र बने। इसके लिए गाय संग्रहालय एवं गोदान स्थल बनाया जाएगा। अन्नपूर्णा भोजनालय, पाथवे, पार्किंग, लैंडस्केपिंग की व्यवस्था की जाएगी। कर्मचारी आवास, पशु चिकित्सालय और सीवरेज-ड्रेनेज का भी काम कराया जाएगा।

# देश के शीर्ष विश्वविद्यालय में शामिल हुआ प्रदेश का पूर्वांचल विश्वविद्यालय, नैक में मिला ए प्लस रैंक

## चर्चा में क्यों?

20 दिसंबर, 2023 को जौनपुर के वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद (नैक) ग्रेडिंग में ए प्लस ग्रेड प्राप्त कर देश के शीर्ष विश्वविद्यालय में शामिल हो गया है।

### प्रमुख बिंदु

- विदित हो कि वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने लंबी कवायद के बाद राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद (नैक) में ए प्लस ग्रेडिंग प्राप्त की है। विश्वविद्यालय में नैक की टीम ने तीन से पांच दिसंबर तक स्थलीय निरीक्षण किया था। इसके बाद परिणाम जारी किया गया है।
- विश्वविद्यालय ने वर्ष 2016 में नैक में बी प्लस ग्रेड प्राप्त किया था, जो 2020 में समाप्त हुआ था। इसके बाद कोविड और अन्य कारणों से विश्वविद्यालय दो साल इसके लिए आवेदन नहीं कर सका।
- वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में जारी हुए नैक मूल्यांकन की रिपोर्ट के बाद विश्वविद्यालय को देश, प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में प्रतिभाग करने का अच्छा अवसर मिलेगा। विश्वविद्यालय अब पूर्वांचल में शिक्षा का केंद्र बनेगा। नए स्टार्टअप शुरू होंगे, कैंपस चयन के लिए मल्टीनेशनल कंपनियों को बुलाया जाएगा।
- कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि अब विदेश और देश के दूसरे राज्यों के विद्यार्थी भी पढ़ने के लिए आकर्षित होंगे। ए प्लस ग्रेड मिलने के बाद केंद्र सरकार खेल संसाधन और कौशल विकास एवं इंटरप्रेन्योरशिप के लिए करोड़ों रुपए देगी।
- उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अब राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) की रैंकिंग के लिए आवेदन करेगा।




नोट :

## बीएचयू में शुरू होगी किडनी ट्रांसप्लांट की ओपीडी

### चर्चा में क्यों ?

21 दिसंबर 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार आईएमएस बीएचयू में किडनी ट्रांसप्लांट के लिए ओपीडी की शुरुआत की जायेगी।

### प्रमुख बिंदु

- शताब्दी सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक में ओपीडी की व्यवस्था की जा रही है।
- बीएचयू अस्पताल, दीनदयाल अस्पताल, मंडलीय अस्पताल में किडनी के मरीजों के लिए डायलिसिस की सुविधा है, लेकिन विशेष ओपीडी की व्यवस्था नहीं है।
- नेफ्रोलॉजी विभाग के प्रो. शिवेंद्र सिंह ने बताया कि औसतन महीने में 30 से 40 मरीज ऐसे होते हैं, जिनके लिए किडनी ट्रांसप्लांट करवाना अति आवश्यक होता है।
- आईएमएस बीएचयू के निदेशक प्रो. एसएन संखवार ने बताया कि यूरोलॉजी विभाग में ट्रांसप्लांट क्लीनिक चल रही है, अब इसके लिए विशेष ओपीडी भी चलाने की दिशा में तैयारी चल रही है। इसके लिए यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी विभाग के चिकित्सकों से बातचीत कर कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा।
- यूरोलॉजी विभाग की ओर से नए सिरे से ओपीडी और सुपर स्पेशियलिटी क्लीनिक का शेड्यूल जारी किया गया है।



## आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण में आजमगढ़ पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर

### चर्चा में क्यों ?

24 दिसंबर, 2023 को उत्तर प्रदेश मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार शिकायत निवारण प्रणाली यानी आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण के संबंध में जारी मासिक रैंकिंग में आजमगढ़ पूरे प्रदेश में पहले स्थान पर है।

### प्रमुख बिंदु

- जानकारी के अनुसार आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण में मुख्यमंत्री कार्यालय लोकभवन द्वारा माह नवंबर की मासिक रैंकिंग जारी की गई है। इसमें पूरे प्रदेश में आजमगढ़ ने प्रथम स्थान तथा थानावार रैंकिंग में जनपद आजमगढ़ के समस्त थानों (26 थानों) ने शत प्रतिशत अंक प्राप्त किया है।

नोट :

- विदित हो कि शासन के निर्देशानुसार, जनपद के प्रत्येक थानों द्वारा आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा रहा है।
- शासन स्तर से जो रैंकिंग जारी की गई है, उसमें नगर कोतवाली को पहला स्थान प्राप्त हुआ है, जबकि सिधारी थाने को दूसरा और रानी की सराय थाने को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। इन थानों ने 90 अंकों में से शत-प्रतिशत अंक हासिल किए।
- रैंकिंग में कंधरापुर को चौथा, मुबारकपुर को पांचवा, जहानागंज को छठवां, गंभीरपुर को सातवां, निजामाबाद को आठवां, देवगांव को नौंवा और बरदह थाने को 10वां स्थान मिला है। महिला थाने को सबसे अंतिम पायदान 26वां स्थान हासिल हुआ है।

## पहली अमृत भारत ट्रेन को अयोध्या से हरी झंडी दिखाएंगे पीएम मोदी

### चर्चा में क्यों ?

30 दिसंबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश के अयोध्या में पहली अमृत भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे।

### प्रमुख बिंदु

- इस अमृत भारत ट्रेन में 22 बोगी होंगी और इसकी स्पीड लगभग 130 किमी. प्रति घंटा होगी।
- यह ट्रेन देश की पहली अमृत भारत ट्रेन होगी।
- यह ट्रेन रामनगरी को माता सीता की जन्मस्थली सीतामढ़ी से जोड़ेगी।
- लखनऊ मंडल के एपीआरओ विक्रम सिंह ने बताया कि 22 कोच वाली भगवा रंग की अमृत भारत ट्रेन पूरी तरह स्वदेशी है।
- प्लेन रूपी अमृत भारत ट्रेन में आगे पीछे दोनों तरफ इंजन होंगे।
- इस अमृत भारत ट्रेन में आठ जनरल बोगी, 12 स्लीपर और दो एसी कोच में 683 यात्री सफर कर सकेंगे।
- इस अमृत भारत ट्रेन द्वारा अयोध्या से लखनऊ की दूरी महज़ डेढ़ घंटे में ही तय हो सकेगी।

## उत्तर प्रदेश का पहला अंतर-ज़िला हेलीकाप्टर मार्ग

### चर्चा में क्यों ?

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने आगरा के बटेश्वर से मथुरा के गोवर्धन तक पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर राज्य की पहली अंतर-ज़िला हेलीकाप्टर (इंट्रा-डिस्ट्रिक्ट हेलीकॉप्टर) सेवा का उद्घाटन किया।

- समारोह के दौरान अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का भी अनावरण किया गया।

मुख्य बिंदु:

- हेलीकॉप्टर सेवा निजी-सार्वजनिक भागीदारी (PPP) पर आधारित है, जिसका संचालन उत्तराखंड की एक निजी कंपनी करेगी।
- यहाँ ₹100 करोड़ की परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया गया, जिसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमाओं के पार चंबल के बीहड़ों के बीच स्थित एक ऐतिहासिक गाँव बटेश्वर का विकास करना है।
- पहले मथुरा के तीर्थ स्थल गोवर्धन के लिये एक हेलीकॉप्टर सेवा उपलब्ध थी, जो प्रतिष्ठित गोवर्धन पहाड़ी की 'परिक्रमा' में रुचि रखने वाले तीर्थयात्रियों के लिये ज़िले के भीतर उड़ान भरती थी।

**अटल बिहारी वाजपेयी:**

- उनका जन्म 25 दिसंबर, 1924 को तत्कालीन ग्वालियर रियासत में हुआ था।
- वह भारत के पूर्व प्रधानमंत्री थे, जो 1996 और 1999 में दो बार इस पद के लिये चुने गए थे।
- उन्हें 2015 में देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, भारत रत्न और 1994 में दूसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान, पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

## उत्तरप्रदेश में 'ग्रीन हाइड्रोजन' नीति

### चर्चा में क्यों?

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को 'ग्रीन हाइड्रोजन' नीति बनाने में तेज़ी लाने के निर्देश जारी किये हैं।

मुख्य बिंदु :

- ग्रीन हाइड्रोजन क्षेत्र में कार्य करने वाली फर्मों को प्रोत्साहित करने के लिये अधिक से अधिक प्रोत्साहन दिया जाएगा।
- इकाइयाँ स्थापित करने वाली कंपनियों को भूमि की उपलब्धता, स्टांप शुल्क और विद्युत् शुल्क से छूट, पूंजी और ब्याज सब्सिडी, आकर्षक प्रोत्साहन जैसे लाभ दिये जाएंगे।

## अयोध्या धाम जंक्शन

### चर्चा में क्यों?

अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन से पहले शहर के अयोध्या जंक्शन रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर अयोध्या धाम जंक्शन कर दिया गया है।

- 22 जनवरी 2024 को अयोध्या राम मंदिर के उद्घाटन समारोह की तैयारियाँ चल रही हैं।

मुख्य बिंदु:

- 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भव्य रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे।
- रेलवे स्टेशन में लिफ्ट, एक पर्यटक सूचना केंद्र और चिकित्सा सुविधाएँ शामिल होंगी। कहा जाता है कि यह रेलवे स्टेशन जितना आधुनिक है उतना ही इसका पौराणिक महत्त्व भी है।
  - पुनर्निर्मित प्लेटफार्मों, नए साइनबोर्ड, एस्केलेटर और दीवारों पर भगवान राम के भित्तिचित्रों के साथ, यह बाहर से एक भव्य मंदिर जैसा दिखता है तथा अंदर भी समान रूप से आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है।
- इमारत के अग्रभाग में बलुआ पत्थर के साथ कंक्रीट कोर वाला एक स्तंभ है, जिसके किनारे के सिरों पर पारंपरिक दृश्य प्रदान करने हेतु बलुआ पत्थर के ऊँचे गोल खंभे स्थापित किये गए हैं।

## पंजीकृत निवेशकों के मामले में यूपी, गुजरात से आगे

### चर्चा में क्यों?

पंजीकृत निवेशकों की संख्या के मामले में उत्तर प्रदेश गुजरात से आगे निकल गया है, जो भारत के इक्विटी परिदृश्य में एक महत्त्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है।

- सबसे अधिक पंजीकृत निवेशकों वाले राज्य महाराष्ट्र, यूपी और फिर गुजरात हैं

### प्रमुख बिंदु

- बाज़ार पूंजीकरण के मामले में लगभग 4.5 ट्रिलियन डॉलर की पूंजी के साथ भारत विश्व में अमेरिका, चीन और जापान के बाद चौथा सबसे बड़ा बाज़ार है।
- चालू कैलेंडर वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के संबंध में भारत के बाज़ार पूंजीकरण में 10% की वृद्धि देखी गई है।
- इक्विटी डेरिवेटिव में 74% हिस्सेदारी और विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों में 61% हिस्सेदारी के साथ भारत का वैश्विक डेरिवेटिव बाज़ार में स्थान है।

नोट :

# पंडित मदन मोहन मालवीय जयंती

## चर्चा में क्यों?

25 दिसंबर 2023 को पंडित मदन मोहन मालवीय की 162वीं जयंती पर प्रधानमंत्री विज्ञान भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में 'पंडित मदन मोहन मालवीय की संकलित रचनाओं' के 11 खंडों की प्रथम श्रृंखला का विमोचन करेंगे।

मुख्य बिंदु:

- द्विभाषी (अंग्रेज़ी और हिंदी) कार्य में मदन मोहन मालवीय के लेख, भाषण, अप्रकाशित पत्र और अन्य कार्य शामिल हैं।
- मदन मोहन मालवीय (25 दिसंबर 1861 - 2 नवंबर 1946) एक भारतीय विद्वान, राजनीतिज्ञ और शिक्षा सुधारक थे।
- वह भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल एक प्रमुख नेता थे, जिन्होंने चार बार भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। वह अखिल भारत हिंदू महासभा और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक भी थे।




नोट :